# रख विश्वास माँ घर आएगी | By Jyoti Chaundal |

रख विश्वास तेरे घर आयेगी
तेरी खाली झोलियों को भर जायेगी
शेरावाली आके तुझे तार जायेगी, तार जायेगी

जब-जब तूने ठोकर खाई
माँ को तूने आवाज़ लगाई
हर पल तेरे साथ थी मैया
चमक-चौंध में दी न दिखाई
तेरे सारे पाप मिटाने आयेगी
तेरी सारी भूलें भुला के आयेगी
तेरे सच्चे मन की पुकार आयेगी, तार जायेगी

रख विश्वास तेरे घर आयेगी
तेरी खाली झोलियों को भर जायेगी
शेरावाली आके तुझे तार जायेगी, तार जायेगी

पूत कपूत भले हो जाए
माता कभी न होती कुमाता
जब बच्चों पे संकट आये
माता से कभी न देखा जाता
सीने से तुझको लगाने आयेगी
गिरते को फिर से उठाने आयेगी
प्रेम का अमृत पिलाने आयेगी, तार जायेगी

रख विश्वास तेरे घर आयेगी
तेरी खाली झोलियों को भर जायेगी
शेरावाली आके तुझे तार जायेगी, तार जायेगी

शेर की सवारी करे शेरावाली
जग में उजाला करे मेरी ज्योतावाली
चिंता को दूर करे चिंतापूर्णी माँ
करती मुरादें पूरी मनसा देवी
सोते हुओं को जगाने आयेगी
बिखरे हुओं को मिलाने आयेगी
ज्योति तेरे घर माँ ज़रूर आयेगी, तार जायेगी

रख विश्वास तेरे घर आयेगी
तेरी खाली झोलियों को भर जायेगी
शेरावाली आके तुझे तार जायेगी, तार जायेगी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%96-%e0%a4%b5%e0%a4%bf%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b8-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%98%e0%a4%b0-%e0%a4%86%e0%a4%8f%e0%a4%97%e0%a5%80-by-jyoti-chaundal/